News सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-200
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार
समय, शक्ति और पैसा, कभी भी एक साथ नहीं आते!

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# बिहार सिटी चीफ

बिहार, शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार



# बिहार में साइक्लोन दाना पर सभी विभाग अलर्ट पर

## इन जिलों में मच सकती है तबाही



**पटना।** ओडिशा में भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' के तटीय क्षेत्र से टकराने के बाद इसका असर बिहार पर भी पड़ने वाला है. मौसम विभाग ने बिहार के 19 जिलों के लिए साइक्लोन दाना को लेकर चेतावनी जारी की है. साइक्लोन के प्रभाव से बिहार के ज्यादातर जिलों में बादल छा गए हैं.

कई जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं और मौसम के खराब रहने की संभावना है. खासकर राज्य के दक्षिण और पूर्वी हिस्से में इसका तूफान की वजह से अच्छा खासा असर देखने को मिल सकता है. लिहाजा लोगों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

दरअसल, साइक्लोन दाना, जोकि एक तेज तूफान है, ने ओडिशा के तट से रात साढ़े 12 बजे टकरा गया, जिसके कारण वहां भारी बारिश और बहुत तेज हवाएं चल रही हैं. मौसम विभाग के अनुसार, इस चक्रवात की गति लगभग 120 किमी प्रतिघंटा रहने की संभावना है. इस तूफान का असर बिहार पर भी अच्छा खासा रहने वाला है. मुख्य रूप से यह दक्षिण और पूर्वी बिहार के जिलों को प्रभावित करेगा. मौसम विभाग ने खगड़िया, मुंगेर, बांका, पटना, भागलपुर, जमुई, जहानाबाद, भोजपुर, अरवल, बक्सर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, शेखपुरा, गया, लखीसराय जिलों के लिए विशेष चेतावनी जारी की है. ये जिले दाना के प्रभाव में आने की संभावना के कारण अलर्ट पर हैं.

पटना की ही बात की जाए तो यहां सुबह से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है. तापमान में गिरावट के साथ आकाश में घने बादल छा गए हैं. यह मौसमी बदलाव साइक्लोन के प्रभाव का संकेत दे रहा है. मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि आने वाले दिनों में बारिश की संभावनाएं बढ़ सकती हैं. बिहार के आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है. अधिकारियों ने लोगों से सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव बचाव के उपाय अपनाने को भी कहा है.

संभावित के प्रभाव से भारी बारिश की संभावना है, जो कृषि और बुनियादी ढांचे पर भी असर डाल सकती है. वहीं, तेज हवाओं के कारण पेड़ गिरने और दूसरी आपूर्ति में भी बाधा आने की संभावना है. साथ ही लगातार बारिश से बाढ़, भारी जलजमाव जैसे हालात बन सकते हैं

# जन सुराज ने जारी की 20 स्टार प्रचारकों की लिस्ट

## प्रशांत किशोर का नाम सबसे नीचे

**पटना।** बिहार में चार सीटों (तरारी, रामगढ़, बेलागंज, इमामगंज) पर हो रहे विधानसभा उप चुनाव में प्रचार-प्रसार के लिए जन सुराज पार्टी (जसुपा) ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में 20 नेताओं के नाम हैं, जिनमें कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती का नाम सबसे नीचे है।

**लिस्ट में प्रशांत किशोर का नाम सबसे नीचे**

सूत्रधार प्रशांत किशोर (पीके) का नाम सबसे नीचे दर्ज है। इसके साथ जसुपा ने सभी चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव समिति का भी गठन किया है, जिसमें 25-25 सदस्य सम्मिलित किए गए हैं। चुनाव समिति में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के गृह जिला के अलावा प्रदेश के दूसरे जिलों का भी प्रतिनिधित्व है।

प्रो. केसी सिन्हा, छैला बिहारी, आनंद मिश्रा समेत कई दिग्गज लिस्ट में स्टार प्रचारकों में दूसरे दलों से आए राजनीति के पुराने चेहरे हैं तो अपने पेशे में ख्यातिलब्ध हस्तियां भी। सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिंह, प्रो. केसी सिन्हा, वाईवी गिरि, आनंद मिश्रा, सुनील कुमार सिंह उर्फ छैला बिहारी स्टार प्रचारक बनाए गए हैं।

इस सूची में दो महिलाएं विनीता विजय और अनुराधा यादव भी हैं।



इनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, सीताराम यादव, डा. एजाज अली, दुर्गा प्रसाद सिंह, मुनाजिर हसन, बसंत चौधरी, संतोष महतो, रामबली चंद्रवंशी, सकल देव सहनी, वसीम नय्यर अंसारी और आजम हुसैन अनवर बतौर स्टार प्रचारक जसुपा के प्रत्याशियों की जीत के लिए प्रचार-प्रसार करेंगे।

**बिहार की 2 सीटों पर प्रशांत किशोर ने बदले उम्मीदवार**

बता दें कि प्रशांत किशोर ने बिहार की दो सीट तरारी और बेलागंज में उम्मीदवार बदल दिया है। तरारी से एसके सिंह की जगह किरण सिंह को टिकट मिला है तो वहीं बेलागंज में प्रोफेसर खिलाफत हुसैन को टिकट दिया गया।

**तरारी में क्यों फंसा पेंच**

बताया गया कि तरारी के ही करथ गांव निवासी सेवानिवृत्त उप सेना प्रमुख एसके सिंह का नाम बिहार में किसी भी जगह वोटर लिस्ट में नहीं है। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार, विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उस राज्य के किसी क्षेत्र का मतदाता होना जरूरी है। ऐसे में प्रशांत किशोर की रणनीति को बड़ा झटका माना जा रहा है। सवाल उठ रहा है कि आखिर प्रशांत किशोर इतने बड़े रणनीतिकार होने के बावजूद प्रत्याशी के बैकग्राउंड को चेक नहीं किया।

# गया में दिनदहाड़े मर्डर, घर के बाहर काम कर रहे थे महावीर

## पड़ोसी ने गोली मारकर उतारा मौत के घाट

गया के गंगा महल मोहल्ले में दिनदहाड़े 57 साल के शख्स की हत्या कर दी गई। इस वारदात को पड़ोसी ने अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि औरंगाबाद के कदमा गांव निवासी महावीर शर्मा शुक्रवार सुबह अपने घर के बाहर काम कर रहे थे। अचानक उनका पड़ोसी चंदन शर्मा वहां आया और उन्हें गोली मार दी। गोली लगते ही महवीर जमीन पर गिर गए। आसपास के लोग जब तक उन्हें अस्पताल ले जाते तब तक उनकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

आरोपी की तलाश में छापेमारी चल रही है इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पड़ोसी चंदर शर्मा पर हत्या का आरोप लगा है। वारदात के बाद से वह फरार है। उसकी तलाश में छापेमारी चल रही है। कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।



# बेगूसराय में तेज रफ्तार ट्रक ने दंपती को कुचला

## पति की मौत; गंगा स्नान के लिए जा रहे थे दोनों

**बेगूसराय।** बेगूसराय में तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल पर सवार पति और पत्नी को कुचल दिया। इससे पति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। महिला की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

गंगा स्नान के लिए मुंगेर जा रहा था

घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के जीरो माइल स्थित मुंगेर पुल के समीप की है। मृतक व्यक्ति की पहचान सहरसा जिला के रहने वाले गंगो शाह के रूप में की गई है। जबकि घायल पत्नी की पहचान सोनी देवी के रूप में हुई है। इस घटना के संबंध में परिजनों ने बताया है कि गंगो अपनी पत्नी सोनी देवी के साथ सहरसा से मुंगेर गंगा स्नान के लिए जा रहा था। जीरो माइल के पास तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में जबरदस्त धक्का मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि घटनास्थल पर ही गंगो शाह की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पत्नी सोनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गया।




**जांच में जुटी पुलिस**

घायल अवस्था में सोनी देवी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में मातमी सन्नाटा पसराया हुआ है। हालांकि, इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने साहेबपुर कमाल थाना पुलिस को दी मौके पर साहेबपुर कमाल थाने के पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है। और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# बिहार के सभी शिक्षकों और कर्मियों का बनेगा ई-सर्विस बुक

**पटना:** बिहार के सरकारी स्कूलों में कार्यरत सभी शिक्षकों, पुस्तकालय अध्यक्ष एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों का अब ई-सर्विस बुक बनेगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। शिक्षा विभाग ने यह फैसला पारदर्शिता बढ़ाने और सभी सेवा रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए लिया है।

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ द्वारा जारी पत्र के अनुसार, द्-स्ट्हद्वह्न्द्ध क्ब्ध्ध्ध्श्व में शिक्षकों/ विद्यालय अध्यापकों / पुस्तकालयाध्यक्षों एवं शिक्षकेतर कर्मियों की व्यक्तिगत एवं सेवा से संबंधित जानकारियां यथा नियुक्ति, सम्पुष्टि, वेतन निर्धारण, प्रोन्नति, स्थानान्तरण, विभागीय कार्रवाई, शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता, पुरस्कार, अवकाश इत्यादि होगा। इसके साथ ही सभी शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्र भी e-Service Book का भाग होगा। सभी शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्र को e-Service Book का भाग बनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि किसी भी पदाधिकारी द्वारा किसी भी स्तर पर इन प्रमाण-पत्रों का अवलोकन किया जा सके। शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, विद्यालय अध्यापक एवं सक्षमता उतीर्ण स्थानीय निकाय के शिक्षकों द्वारा क्रमश: बिहार लोक सेवा आयोग एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति में आवेदन करते समय अपलोड किए गए सभी शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्र e-Service Book का भाग होगा।

इसके अलावा शेष कार्यरत शिक्षकों/ विद्यालय अध्यापकों / पुस्तकालयाध्यक्षों एवं शिक्षकेतर कर्मियों का सभी शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्र प्राप्त कर उसे e-Service Book का भाग बनाया जाएगा। शिक्षकों की नई स्थानान्तरण नीति के आलोक में शिक्षकों के नए विद्यालय में पदस्थापन के उपरांत विद्यालय अध्यापक एवं सक्षमता उतीर्ण स्थानीय निकाय के शिक्षकों का Biometric Authentication आधारित आधार सत्यापन किया जाएगा।

साथ ही इन शिक्षकों का Thumb Impression एवं फोटो, जो ऑनलाइन परीक्षा के दौरान लिया गया था, का भी सत्यापन किया जाएगा। यह कार्य चरणबद्ध तरीके से सभी संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से सम्पादित होगा। तत्पश्चात e-Service Book संधारण की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालयों से शुरू होगी।

# बीजेपी सांसद के बयान के खिलाफ अररिया की सड़कों पर प्रदर्शन

## तोड़फोड़ और आगजनी, 5 घंटे तक लगा जाम



बिहार के अररिया में बीजेपी सांसद प्रदीप कुमार सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। सांसद के एक बयान पर विवाद हो गया है।

इसके विरोध में गुरुवार को बड़ी संख्या में युवक हाथ में लाठी डंडे लेकर शहर के प्रमुख चौक पर जुट गए। उन्होंने रोड पर टायर जलाकर करीब 5 घंटे तक जाम लगा दिया।

आक्रोशित भीड़ ने सांसद के बैनर पोस्टर वाले गेट को तोड़ दिया

आक्रोशित युवक सांसद के खिलाफ नारेबाजी करते रहे और सांसद से माफी मांगने की मांग करने लगे। सड़कों पर उतरे आक्रोशित युवकों ने बीजेपी सांसद के बैनर पोस्टर वाले गेट को तोड़ दिया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को हटाकर जाम खुलवाया।

सांसद ने दी सफाई बीजेपी सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने अपने विवादित बयान पर बुधवार को सफाई दी। सांसद ने कहा कि उन्होंने हिंदुओं को एकजुट होने को कहा था ना कि मुसलमानों को हिंदू बनाने की बात कही थी। आरजेडी ने उनके बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है।

**तेजस्वी ने वीडियो जारी कर BJP पर साधा निशाना**

प्रदीप सिंह के बयान पर राष्ट्रीय जनता दल ने विरोध जताया है। आरजेडी नेता व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा,इस देश की मिट्टी में सबकी महक और आजादी में सबका योगदान है। मैं हरेक व्यक्ति को भरोसा दिलाता हूं कि जब तक मेरी साँस है। मैं बिहार को बिहार को सांप्रदायिकता की आग में झोंकने वाले हरेक व्यक्ति के सामने डट कर खड़ा रहूंगा।